तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]



11 मासूम के साथ अनाचार कर हत्या के विरोध में कांग्रेसियों...





12 शासकीयकरण की मांग को लेकर नगाड़ा बजाकर...












## खबर संक्षेप



### सचिवों ने नगाड़ा बजाकर मांग पूरा करने लगाई गुहार

फिंगेश्वर। पंचायत सचिवों की अनिश्चित कालीन हड़ताल 22 वें दिन भी जारी रहा। जिसमें पंचायत सचिव अपनी मांग को लेकर हर रोज अलग तरीकों से अपनी मांग को शासन से मनवाने के लिए जोर लगा रहे हैं। हड़ताल के 22वे दिन जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू की मौजूदगी में अपनी शासकीय करण की मांग को नागाड़ा बजाकर फाग गीतों के साथ मांग पूरा करने के लिए शासन से गुहार लगाया जा रहा है। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष गोविन्द साहू, जिला उपाध्यक्ष कृष्णा साहू, जिला सचिव हेमकुमार पटेल, उपाध्यक्ष रेवा राम ढीढी, सचिव झम्मन पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल साहू, सहसचिव चंद्रकांत साहू, मिडिया प्रभारी ओमप्रकाश सिन्हा, सोना राम वर्मा, चंद्रकांत तिवारी, तुलस साहू, हुकूमत साहू, यशवंत साहू, भैया राम साहू, चेमन साहू, चेतन साहू, भैया राम साहू, चिंता राम सिन्हा, कन्हैया सिन्हा, गोपेश सेन, अजय ध्रुव, दिनु यदु, यशवंत निषाद, राजेंद्र ध्रुरव, चंद्रकांत तिवारी, श्यामलाल साहू, शम्भू ऑडिल सहित समस्त सचिव उपस्थित थे।

### बाइक की टक्कर से पिता-पुत्री घायल

महासमुंद। काम के सिलसिले में महासमुंद आए पिता-पुत्री बाइक की टक्कर से घायल हो गए। कोतवाली पुलिस ने बताया कि 5 अप्रैल को गिरधर साहू और उसकी बेटी मोनिका साहू अपने मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 04 एपी 9158 में काम के सिलसिले में शाम करीब 4 बजे महासमुंद गए थे। सामान खरीद कर शाम लगभग 5.30 बजे घर वापस जा रहे थे कि भलेसर रोड सितली नाला के आगे पहुंचने पर भलेसर से महासमुंद की ओर आ रही बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडी 0592 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये लाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे दोनों को चोट लगी है। आरोपीचालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# सुशासन तिहार का शुभारंभ, लोगों ने पेटी में डाले आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सुशासन तिहार का प्रथम चरण मंगलवार से शुरू हो गया है। इसके तहत जिले के सभी ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों के वार्डों और जिला कार्यालय परिसर में समाधान पेटी स्थापित की गई है। इस प्रकार ग्राम पंचायत मुख्यालयों तथा नगरीय निकाय के कार्यालयों में सुबह 10 से शाम 05 बजे तक आवेदन प्राप्त किए गए। इन स्थलों पर समाधान पेटी रखी गई है, जिसमें लोग अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को लिखित तौर पर डाल सकें। सुशासन तिहार के पहले चरण के तहत 11 अप्रैल तक आवेदन लिए जायेंगे। समाधान पेटी के अलावा ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने की भी पोर्टल में व्यवस्था की गई है। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर में भी ऑनलाइन आवेदन ▶▶|शेष पेज 11 पर

- जिला कार्यालय, ग्राम पंचायतों व शहरी क्षेत्र के वार्डों में समाधान पेटी स्थापित

### सुशासन तिहार के अंतर्गत 11 अप्रैल तक लिए जाएंगे आवेदन





### प्रथम दिन 422 मांग एवं 2 आवेदन शिकायत के मिले



छुरा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार-2025 समस्त नगरीय निकायों में तीन चरणों में संचालित करने का निर्णय लिया गया है। जिसके तारतम्य में प्रथम चरण में नगर पंचायत छुरा में मंगलवार को शीतला मंदिर प्रांगण में शिविर लगाकर आम जनता से समाधान पेटी एवं ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन प्राप्त किया गया। उक्त शिविर 11 अप्रैल तक चलेगी। शिविर में आवेदन देने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। मंगलवार को कुल 424 प्राप्त हुए जिसमें 422 मांग एवं 02 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए। जिसमें पट्टा, भूमिहीन योजना, आवास योजना, उज्ज्वला योजना के आवेदन मिल रहे हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति बलराज पटेल, भोलेशंकर जायसवाल, रजनी लहरे, पार्षद यामीन खान, संतानु देवांगन, रामजी दीवान, पंचराम टंडन, गरिमा ध्रुव, सलीम मेमन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लालसिंह मरकाम, लेखापाल जितेंद्र पाटकर, केशियर वीरेंद्र ठाकुर, स-राजस्व निरीक्षण रामाधार यादव, धनेश्वर नाग, मनोज दुबे, मिथलेश सिन्हा, दीपक साहू, वीरेंद्र साहू, शोएब, कमलेश्वर सिन्हा, मेघराज यादव, चम्पेश्वर गिरी गोस्वामी, शीतल ध्रुव, पुनीत ठाकुर एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### शिविर में मिले 70 आवेदन 63 का तत्काल निराकरण

राजिम। भेण्डरी में राजस्व एक दिवसीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 70 आवेदन मिले। जिसमें 63 आवेदन का तत्काल निराकरण किया गया। ज्यादातर आवेदन भू राजस्व त्रुटि सुधार का था। इसके अलावा आय, जाति, मूल निवासी, नामांतरण बंटवारा बनाने आवेदन प्राप्त हुआ। शिविर में सरपंच राजेश्वरी पटेल, उपसरपंच राधे पटेल सहित अनेको किसान मौजूद थे।

# कोटरी का शिकार करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बफर जोन एरिया वन परिक्षेत्र तौरेंगा में वन विभाग द्वारा वन्यप्राणी कोटरी के शिकार करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है साथ ही कोटरी का मांस, पेंगोलियन का शल्क, अज्ञात वन्यप्राणी का मांस भी जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार वनमंत्री छत्तीसगढ़ शासन केदार कश्यप, सुधीर अग्रवाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर छत्तीसगढ़, सहायक संचालक तौरेंगा गरियाबंद जगदीश प्रसाद दरों एवं गोपाल सिंह कश्यप सहायक संचालक उदंती, एण्टी पोचिंग टीम नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र तौरेंगा (बफर) को प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर बीते 3 अप्रैल को वनक्षेत्र परिसर गाजीमुड़ा, कक्ष क्रमांक 1192 में किए गए अवैध शिकार वन्यप्राणी कोटरी के मास एवं अपराध में प्रयोग किये गए जाल, फंदा एवं अन्य सामाग्रियों को वन विभाग के संयुक्त टीम द्वारा अपराधियों के घरों में सर्च वारंट जारी करते हुए जब्त किया गया। अवैध शिकार में लिप्त 2 आरोपी रोशन लाल पिता सोनाराम मण्डावी, जाति गोंड़, उम्र 50 वर्ष, ग्राम गरीबा और अर्जुन सिंह पिता मेहत्तर मरकाम, जाति गोंड़, उम्र 49, ग्राम गरीबा को 04 अप्रैल को पकड़ा गया। विभागीय कार्यवाही करते हुए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9,27 (1),29,31,39, 49,50,51,52 के तहत वन अपराध दर्ज कर न्यायालय के समक्ष दिनांक 05 अप्रैल 2025 को प्रस्तुत किया गया। आरोपियों के घर से कोटरी का मांस, पेंगोलिन शल्क, फंदे, कोटरी को काटने में उपयोग की गयी कुल्हाड़ी जब्त की गई। आरोपी रोशन लाल ▶▶|शेष पेज 11 पर



- कोटरी का मांस, पेंगोलियन का शल्क, अज्ञात वन्यप्राणी का मांस भी जब्त

### बेलटुकरी में मानस महोत्सव कल से

राजिम। ग्राम बेलटुकरी में 10 अप्रैल से भव्य मानस महोत्सव का आयोजन पंडित अरविंद शर्मा के मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्वलन के साथ होगा। इस अवसर पर सरपंच पुराणिक साहू, आयोजन समिति के संरक्षण बी आर हिरवानी और सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर पृथ्वीराव निर्मल मौजूद रहेंगे। 12 अप्रैल शनिवार को अतिथि के रूप में विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू आएंगे। 13 अप्रैल को जनपद सदस्य हेमंत साहू, उपसरपंच अरूण हिरवानी, नारायण साहू कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। संचालन तुकाराम तारक, कौशल साहू, निरंजन साहू, गजपति साहू करेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष भारत साहू ने बताया कि रोज सुबह 7 से 10 बजे तक सुंदरकांड का पाथ एवं हवन पूजन होगा तथा 10 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक श्रीरामचरितमानास व्याख्यान माला होगा। प्रथम दिवस बेलटुकरी, धमतरी, कवर्धा, बलोदाबाजार, डोंगरगढ़, नगरी, सोनाखान और गरियाबंद जिले की टीम शामिल होंगी। दूसरा दिवस 12 अप्रैल को बेलटुकरी, महासमुंद, रायपुर, बलोदाबाजार, धमतरी, बालोद, नरहरपुर, कबीरधाम जिले की मंडलियां आएगी। आखिरी दिवस बस्तर सहित कमोवेश इन्ही सब जिलो के ख्यातिनाम मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी।

### जोगीडीपा के स्वास्थ्य शिविर में 389 मरीजों ने कराया उपचार

# सिकलसेल जांच में मिले 22 पॉजिटिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बाहुल्य ग्राम जोगीडीपा विकासखंड फिंगेश्वर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स रायपुर एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग जिला गरियाबंद के संयुक्त तत्वावधान में सिकल सेल जांच परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 389 मरीजों ने अपना जांच उपचार कराया। जिसमें जनरल चेकअप 150, दंत जांच 50, नेत्र जांच 46, बीपी शुगर जांच 70, टीबी के लिए स्पुटम कलेक्शन 30, चर्म रोग डिसीज जांच 43 साथ ही 140 व्यक्तियों का सिकल सेल जांच किया गया। जांच उपरांत 22 लोग सिकल सेल पॉजिटिव पाए गए। साथ ही गर्भवती व शिशुवती महिलाओं को मच्छरदानी वितरण किया गया शिविर में प्रमुख रूप से डॉक्टर तुषार भारत जगझापे (प्रोफेसर बाल रोग विभाग) डॉक्टर प्रीतम एन वासनिक अतिरिक्त प्रोफेसर जनरल मेडिसिन विभाग डॉक्टर रमेश चंद्राकर अतिरिक्त प्रोफेसर (टीएमबीबी विभाग डॉक्टर सिरिशा कदाली आईसीएमआर सिकल सेल परियोजना वैज्ञानिक, डॉ. व्हीके हिरौंदिया बीएमओ शिशु रोग विशेषज्ञ, नेतराम सिन्हा सरपंच ग्राम पंचायत बोड़की, प्रेमीन ध्रुव जनपद सदस्य जनपद पंचायत फिंगेश्वर, ▶▶|शेष पेज 11 पर



### शादी से पहले सिकल सेल की जांच कराएं

सभी ने शिविर में अपना विशेष सहयोग प्रदान किया डॉ. व्हीके हिरौंदिया बीएमओ के द्वारा स्वागत उदबोधन दिया गया। डॉ. जगझापे ने शिशु की देखभाल बच्चों की मानसिक शारीरिक विकास के लिए उचित खान-पान के बारे में जानकारी दिया सिकल सेल से बचने के लिए शादी से पहले सिकल सेल जांच कराने के लिए सभी ग्राम वासियों से अपील किया। सरपंच नेतराम सिन्हा ने आभार व्यक्त करते हुए समस्त एम्स एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को धन्यवाद दिया कि ग्राम जोगीडीपा के लिए बहुत बड़ी बात है जो एम्स के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने हमारे ग्राम में आकर अपनी सेवाएं दी।




## खबर संक्षेप



### पशुओं की देखभाल के लिए 40 नागरिकों को दिया प्रशिक्षण

**रायपुर।** स्ट्रेकीपर्स एनिमल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा गत दिनों पशुओं की फर्स्ट-एड ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य घायल और संकटग्रस्त पशुओं की देखभाल के लिए नागरिकों को प्रशिक्षित करना था। मुख्य वक्ता डॉ. मेजर नलीन शर्मा, डॉ. पदम जैन, डॉ. संतोष आदिल, डॉ. डॉली ने प्राथमिक उपचार, हाइपरथर्मिया व हाइपोथर्मिया, विषाक्तता से संबंधित उपयोगी जानकारी साझा की। उपचार में होने वाली अनैतिक प्रथाओं और सावधानियों पर भी चर्चा की गई। स्ट्रेकीपर्स की संस्थापक डॉ. दीपशिखा ने फर्स्ट-एड किट प्रोग्राम की जानकारी दी, जो कि स्ट्रेकीपर्स जल्द ही शहर में शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत रेस्क्यूअर्स को मोबाइल प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध कराएगा। सह-संस्थापक डॉ. मोनिका और डॉ. अवंतिका ने संस्था की प्रेरणादायक यात्रा और इसके निर्माण में आई चुनौतियों को साझा किया। टीम की सदस्य शैली (वकील) ने पशु क्रूरता पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आम नागरिक भी कानून की सहायता से पशु हिंसा के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं।

### रामनवमी पर्व पर श्रीराम चौक उरकुरा मोड़ बिरगांव का शुभारंभ




**रायपुर।** भगवान श्रीरामलला के जन्मोत्सव के अवसर पर मित्रगण समिति बिरगांव द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान श्रीराम चौक उरकुरा मोड़ बिरगांव का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर शेषनाथ तिवारी ने बताया कि अयोध्या में राजा दशरथ के घर भगवान विष्णु के सातवें अवतार श्रीराम के जन्म की खुशी में उत्सव मनाया जाता है। श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। इस दिन सत्य, प्रेम, त्याग और सेवा की भावना को अपनाने का संकल्प लेना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन संस्थापक के रूप में कई सदस्यों को चयनित किया गया, जिसमें आनंद शाह, संजय यादव, नंद सिंह, शैलेंद्र पटेल, सुभाष यादव, विजेंद्र शर्मा, जय भगवान शर्मा, राम सुमिरन सिंह, हृदयानंद पांडे और विनोद पांडे मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### रामनवमी पर हनुमान सेवा दल ने बांटी रामरक्षा स्त्रोत किताब



**रायपुर।** रामनवमी के अवसर पर जयस्तंभ चौक पर सोमवार को श्री हनुमान सेवा दल ने श्रीराम की कृपा पाने और सभी कष्टों से मुक्ति दिलाने के लिए किए जाने वाले रामरक्षा स्त्रोत की 3051 पुस्तकों का वितरण किया। दल का उद्देश्य है कि धर्म के साथ समाज का उत्थान हो सके, भारतीय संस्कृति की पताका पूरी दुनिया में लहराए। इस मौके पर श्री हनुमान सेवा दल के अध्यक्ष पंकज मिश्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म बहुत समृद्ध है, जिसका सामने आना जरूरी है। लोगों को सनातन और भारत के मूल से अवगत कराने का कार्य हमारा दल कर रहा है। वितरण कार्यक्रम में प्रशांत दुबे, रोमी वोरा, अमित शर्मा, हेमंत पाल, कुणाल दुबे, हेमंत पटेल, अमित दीवान, ऋषभ खेतान, संस्कार पांडे, जितेंद्र यादव, विनायक तिवारी, विकास जुसेजा, संतोष राव, सचिन पांडे, गोपी जाल, विकेश देवांगन, संजू ठाकुर, प्रदीप पांडे, सुमित खण्डेलवाल, अपूर्व विश्वास आदि साथी उपस्थित थे।

# भीषण गर्मी से गिरा जलस्तर, अभनपुर से लगे 10 गांवों में गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर से लगे 10 गांवों में जल संकट के कारण किसानों और ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। स्टाप डैम में पानी नहीं होने के कारण इलाके में जलस्तर नीचे गिर गया। जिसके कारण अब ट्यूबवेल भी जवाब देने लगा है। रबी फसल लेने वाले हजारों किसान धान पकेगी या नहीं इसे लेकर चिंतित है। कुछ किसानों ने तो अपनी फसल मवेशियों के लिए छोड़ दिए। वहीं आमदी, खट्टी, ढोंडरा और टोला गांव के ग्रामीण निस्तारी को लेकर परेशान है। दरअसल, अभनपुर और पाटन ब्लॉक के कुछ गांव खारुन नदी में बने स्टाप डैम पर आश्रित है लेकिन डैम में पानी नहीं होने से आमदी, रवेली, परसदा, खट्टी, ढोंडरा, कन्हेरा, पलौद, तुलसी, खुड़मुड़ी और टोला गांव में जलस्तर कम हो गया है। आमदी गांव में जब हरिभूमि की टीम मौके पर पहुंचे तो पता चला कि डैम जर्जर हो गया है जिसके कारण वहां पानी लंबे समय तक नहीं रूक पाता। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि भारी वाहन चलने के कारण डैम जर्जर हो गया है जिसे अब मरम्मत की जरूरत है।

**किसान सिंचाई को लेकर चिंतित-** परसदा गांव सरपंच किरण कुमार साहू ने बताया कि डैम में पानी नहीं होने के कारण वाटर लेवल कम हो गया है। जिससे किसान सिंचाई को लेकर चिंतित है। आपको बता दें कि 24 मार्च को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जल समस्या को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की थी। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को फील्ड पर जाकर जल संकट दूर करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक इस तरफ ध्यान नहीं दिया है।

## जल समस्या : किसानों ने अपनी खड़ी फसल पर मवेशियों को छोड़ा



### गांव में एक भी तालाब नहीं

वहीं खट्टी गांव सरपंच प्रेमनारायण साहू ने बताया कि गांव में एक भी तालाब नहीं है। डैम में पानी होने पर निस्तारी की समस्या नहीं होती थी, लेकिन डैम में पानी नहीं है तो गांव में निस्तारी को लेकर भारी समस्या हो रही है, आमदी सरपंच त्रिवेणी गोपी सिन्हा ने बताया कि डैम में दरार होने के कारण पानी नहीं रूक पाता, निस्तारी के लिए ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। डैम के मरम्मत की भी जरूरत है।

## रूट निर्धारण के बाद परिवहन विभाग जारी करेगा परमिट

# अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अपने घर के दरवाजे पर मिलेगी बस सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राज्य के 146 विकासखंडों के ऐसे ग्रामीण क्षेत्र जहां यात्री बसों की जगह निजी टैक्सी सेवा संचालित होती है, उन क्षेत्रों में राज्य शासन के निर्देश पर परिवहन विभाग बस सेवा शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए परिवहन विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों से रिपोर्ट मांगी है। अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने बताया, अलग-अलग जिलों के कलेक्टर ने सौ के करीब ग्रामीण क्षेत्र जहां बसों का संचालन नहीं हो रहा है, उन क्षेत्रों की सूची भेजी है।

मुख्यमंत्री सुगम यातायात योजना के तहत अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में बस संचालन करने शासन ने 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। राज्य सरकार से राशि स्वीकृत होने पर कलेक्टरों से उनके क्षेत्रों के बस विहीन ग्रामीण क्षेत्रों, सड़कों और कनेक्टिविटी की जानकारी मांगी गई है। सभी जिलों से सूची मिलने के बाद नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इसके बाद उन मार्गों के लिए बस संचालन करने के लिए परमिट जारी किया जाएगा। प्रथम चरण में बस्तर और सरगुजा क्षेत्रों के अंदरूनी इलाकों में इसका संचालन शुरू होगा। इसके बाद दूसरे चरण में अन्य संभागों के ग्रामीण क्षेत्रों में यात्री बसे चलेंगी। प्रदेश के 33 जिले के 146 विकासखंडों में 90 से ज्यादा में बसों का वर्तमान में संचालन किया जा रहा है। अंदरूनी इलाकों में रहने वाले 20 हजार 619 गांव में रहने वालों को एक शहर से दूसरे शहर जाने बस पकड़ने किसी अन्य साधन के माध्यम से विकासखंड मुख्यालय आना पड़ता है।

### बस सेवा संचालन करने परिवहन विभाग ने कलेक्टर से मांगी रिपोर्ट

#### चार लाख लोग बसों से यात्रा करते हैं

रोजाना चार लाख के करीब यात्री एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने बसों से यात्रा करते हैं। इनमें बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग शामिल हैं। अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में बसों का संचालन होने से सड़कों पर दोपहिया, तीन पहिया और मालवाहक वाहनों में यात्री करने वालों की संख्या कम होगी। साथ ही बेहतर परिवहन का साधन उपलब्ध होने पर यात्रियों की संख्या में इजाफा होगा।



#### 12 हजार यात्री बसों का हो रहा संचालन

परिवहन विभाग में वर्तमान में 12 हजार बस पंजीकृत हैं। इनमें से 11 हजार बसों का संचालन राज्य के अलग-अलग जिलों में विभिन्न मार्गों पर हो रहा है। एक हजार के करीब बस अंतर्राज्यीय मार्गों के लिए संचालित हो रही। इनमें सामान्य से लेकर एसी तथा स्लीपर बस शामिल हैं।

#### 65 प्रतिशत बसों का संचालन शहरी क्षेत्रों में

राज्य में संचालित 65 प्रतिशत के करीब बसों का संचालन शहरी क्षेत्रों में किया जा रहा है। शेष 35 प्रतिशत बसों का संचालन विकासखंड मुख्यालय तथा बड़े तथा आसानी से पहुंच मार्ग वाले ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जहां सबसे ज्यादा सवारियां निकलती है, उनमें से ज्यादातक क्षेत्रों में बसों का संचालन नहीं हो रहा।

#### ग्रामीण क्षेत्र में बस संचालन करने पर मिलेगी छूट

जिन क्षेत्रों में वर्तमान में बसों का संचालन नहीं किया जा रहा है। उन क्षेत्रों की सूची मिलने के बाद उन मार्गों पर बस संचालन करने पर बस ऑपरेटरों को परमिट तथा टैक्स में राहत दिए जाने पर विचार किया जा रहा है। परमिट के लिए आवेदन करने पर राज्य परिवहन प्राधिकार सुनवाई के बाद रूट निर्धारित कर निजी ऑपरेटरों को संचालन का आदेश जारी करेगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को विकासखंड के साथ ही तहसील और जिलों को जोड़ा जा सके, जिससे गांव में रहने वाले ग्रामीणों को सीधे कनेक्टिविटी मिल सके।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी : सोमनाथ



**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी राजीम मंडल के तत्वावधान में ग्राम चौबेबंधा और सिंधौरी में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें प्रभारी के रूप में सेजस आत्मानंद स्कूल के सांसद प्रतिनिधि, पटेल समाज के जिला अध्यक्ष, और राजिम नगर पंचायत के पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल तथा वरिष्ठ भाजपा नेता के रूप में शक्ति केंद्र प्रभारी भरत सिन्हा तथा डोमार ध्रुव मुख्य रूप से उपस्थित हुए। ग्राम सिंधौरी और चौबेबांधा के कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस के अवसर पर घर-घर में झंडा फहराकर, भारत माता की जयकारा लगाकर, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर स्थापना दिवस मनाया। उक्त अवसर पर सेजस आत्मानंद स्कूल के सांसद और प्रतिनिधि पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल सन 1990 में मुंबई की अधिवेशन में हुआ था, सर्वप्रथम हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल बिहारी वाजपेई जी थे, उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को संगठित करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहे, जिसके परिणाम स्वरूप आज केंद्र राज और ग्राम स्तर पर भाजपा की सरकार है, भाजपा सरकार राष्ट्रवादी पार्टी है, देश के लोगों के विकास के लिए निरंतर कार्य बीजेपी के सरकार में किया जा रहा है, वरिष्ठ भाजपा नेता भरत सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, और पूरे देश में मोदी जी के नेतृत्व में देश का लगातार विकास हो रहा है, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता होने पर हम सबको गर्व होना चाहिए और हर कार्यकर्ताओं को संगठित होकर जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़कर उनके सुख-दुख में सहभागिता निभाता चाहिए।



# प्रधान पाठक घनश्याम को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

आदर्श शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नाहना चंडी के प्रधान पाठक घनश्याम निर्मलकर को शाला परिवार व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति व ग्रामवासियों द्वारा सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। बता दे कि घनश्याम निर्मलकर इसी विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक लक्षवीर बांधे ने श्री निर्मलकर के जीवन परिचय देते कहा कि निर्मलकर जी अच्छे प्रधान पाठक के साथ साथ सामाजिक सेवक एवं तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के भी पदाधिकारी रहे हैं उनकी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र मे दी गई सेवा हमेशा याद रखा जायेगा। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक निर्मलकर को स्मृति चिन्ह, साल श्री फल पेन, डायरी ,छत्ता व सफर बैग भेंट किया गया। साथ ही विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर आरके साहू, एसआर यादव, पीके गुरूपंच, बाबूलाल निर्मलकर, राजू धीवर, लोकेश गहरवाल, राजेन्द्र एनेश्वरी, रोहित कोसले, गीतमाला मरकाम, राजेश्वरी, कोसले, पालेश्वर साहू, मती धनेश्वरी जांगड़े, शिव टंडन झम्मन तारक, मनहरण गहरवाल, राजमहंत उदय लाल डहरिया, राजेन्द्र कुर्रे, पितेश्वर साहू, लकेश्वर साहू, हेमन्त जोशी व छात्र- छात्राएं सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कुम्हारी टोल प्लाजा हटाएं, दो पूर्व विधायकों ने गडकरी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- केंद्रीय मंत्री से प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात करने मांगा समय
- टोल प्लाजा में अवैध वसूली को लेकर करेंगे चरणबद्ध आंदोलन : विकास उपाध्याय

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय और कुलदीप जुनेजा ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र के माध्यम से कुम्हारी स्थित टोल प्लाजा को हटाये जाने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने संबंधित विषय पर चर्चा करने मुलाकात के लिए समय की मांग की।

विकास उपाध्याय ने कहा कि वे केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात कर कुम्हारी टोल प्लाजा में चल रही अवैध वसूली की शिकायत करेंगे। जब तक कुम्हारी टोल प्लाजा हटाया नहीं जाता, तब तक कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आन्दोलन कर सड़क की लड़ाई लड़ेगी। श्री उपाध्याय ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व एनएचएआई के दफ्तर में जाकर कुम्हारी टोल प्लाजा को हटाये जाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की थी, लेकिन आज तक इस संबंध में किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई। इसीलिए केन्द्रीय मंत्री से चर्चा के लिए हमने समय मांगा है, ताकि वस्तुस्थिति से उनको अवगत कराया जा सके। रायपुर पश्चिम क्षेत्र के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि इसके लिए हम अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ेंगे और आने वाले दिनों में कुम्हारी टोल प्लाजा से लेकर दिल्ली तक भी प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने तीन साल पूर्व सदन में कहा था कि बहुत जल्द संपूर्ण भारत में टोल नाके बंद किये जायेंगे। सिर्फ जीपीएस की सहायता से रोड पर चल रहे वाहनों पर टैक्स लिया जायेगा। उन्होंने यह घोषणा भी की थी कि 60 किलोमीटर के भीतर सिर्फ एक टोल प्लाजा संचालित होगा, पर छत्तीसगढ़ में दुर्ग स्थित और राजनांदगांव स्थित टोल प्लाजा की दूरी, कुम्हारी और मंदिर हसौद टोल प्लाजा की दूरी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि 60 किलोमीटर दायरे वाला कथन कितना सही है।

## बकली में जंवारा विसर्जन ...





**राजिम।** बकली में चैत्र नवरात्रि पर नौ दिनों की पूजा-अर्चना पश्चात बाजे-गाजे के साथ जंवारा का विसर्जन किया गया। इस दौरान भक्तों ने आरती उतारी, पूजा अर्चना किया। रामनवमी के अवसर पर महामाया मंदिर, शीतला मंदिर में भोजन भंडारा का आयोजन किया गया।

### थायरॉयड कैंसर के मरीजों के लिए एम्स में पहला हाई-डोज थेरेपी वार्ड

**रायपुर।** थायरॉयड कैंसर के मरीजों को अब उपचार की सुविधा एम्स में मिल रही है। कैंसर की बची हुई कोशिकाओं को खत्म करने के लिए यहां हाई-डोज थेरेपी वार्ड बनाया गया है। यहां आयोडीन-131 थेरेपी की मदद से आठ मरीजों को उपचार की सुविधा प्रदान की गई है। प्रदेश में यह पहला हाई-डोज थेरेपी वार्ड है।

## गतिविधियों पर नजर रखने जंगल में लगाए गए हैं जगह-जगह कैमरे

# उदंती सीतानदी के जंगलों में गौर की बढ़ी चहल कदमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में विभिन्न प्रकार के वन्यप्राणी पाए जाते हैं। पिछले दो वर्षों से उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल में काफी महत्वपूर्ण वन्यप्राणी गौर की संख्या में इजाफा देखने को मिला है जिसके कारण गौर आसानी से जहां नेशनल हाइवे के किनारे तो कभी गांव के नजदीक झुंड के झुंड दिखाई दे रहा है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व को राजकीय पशु वनभैंसा के लिए जाना जाता है लेकिन वनभैंसा की संख्या यहां बेहद कम हो गई और अब वनभैंसा विलुप्ति के कगार में है तो दूसरी ओर गौर बायसन की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में अलग-अलग स्थानों पर हाइक्वालिटी के ट्रैप कैमरे वन विभाग द्वारा लगाए गए हैं जिसमें लगातार अनेक वन्यप्राणियों के साथ गौर की तस्वीर भी कैद हो रही है। बायसन गौर काफी हुस्ट पुस्ट बड़े व मोटे होते है और देखने में जंगली भैंसा की तरह ही दिखाई देते है लेकिन यह हमेशा झुंड में रहना पसंद करते है। जानकारो के मुताबिक बायसन गौर इतने ताकतवर होते है कि जंगल में खुंखार बाघ, तेंदुआ से सामना होने पर उसे घेर लेते है। गौर के पैर के नीचे का भाग सफेद कलर का होता है जिससे ऐसा लगता है कि यह मोजा पहना हुआ है गौर शाम और सुबह के समय आसानी से दिखाई देता है और यह 10-15 की झुंड में ही चलता है बहरहाल उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल में गौर की संख्या बढ़ी है जो एक अच्छा संकेत है और इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में जब से युवा उपनिदेशक वरूण जैन का पदस्थापना हुआ है उनके द्वारा लगातार जंगल में कैमरा लगाकर वन्यप्राणियो की तस्वीर मिडिया में उपलब्ध कराई जा रही है।





### राहगीरों को आसानी से दिख रहा गौर बायसन

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया की उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र में 50-60 की संख्या में गौर लगातार दिखाई दे रहे है जिसकी तस्वीर ट्रैप कैमरे में भी कैद हुआ है। और नेशनल हाइवे में आसानी राहगीरों को सुबह और शाम के समय गौर बायसन दिखाई देता है।



# समस्याओं का जल्द होगा निराकरण : महेश

**राजिम।** 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पंचायत कार्यालय में जनता की समस्याओं से रूबरू होने के लिए जनसमस्या आवेदन प्राप्त कर समाधान पेटी रखकर शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से नपा के उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, पार्षद भारत यादव, तुषार कदम, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, मंशा कुर्रे, अजय पटेल, बलराम यादव, सुरेश पटेल, कुलेश्वर साहू पार्षद प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू उत्तम निषाद मौजूद थे। शुभारंभ के बाद नपा अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप लोगों को अपने समस्याओं के लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत नही पड़ेगी। सरकार खुद जनता तक पहुंचे और उनके समस्याओं का त्वरित निराकरण हो, उसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। लोगों से आवेदन लेकर एक निश्चित समय में उनके समस्याओं का निराकरण भी अधिकारी और कर्मचारी करेंगे। कहा कि नगर पंचायत, नगर के विकास के लिए संकल्पित है, नगर को व्यवस्थित और सुंदर बनाना हम सब की पहली प्राथमिकता होगी। अवसर पर नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी व आम जनता उपस्थित हुए।

**खबर संक्षेप**



## हनुमान जन्मोत्सव 12 को धूमधाम से मनाया जाएगा

**रसेला।** हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के बाद चैत्र पूर्णिमा तिथि पर भगवान राम के सबसे अनन्य भक्त और संकटमोचन अंजनी पुत्र भगवान हनुमान का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से रसेला में मनाया जाएगा। हिंदू धर्म में हनुमान जी को कलयुग का देवता माना गया है। और आज भी इस पृथ्वी पर भ्रमण करते हैं और अपने भक्तों को आशीर्वाद देते हैं। महाराज गोलू शर्मा ने कहा कि शास्त्रों में हनुमान जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, उसका विशेष महत्व होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार हर वर्ष चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाने की परंपरा है। ग्राम रसेला में 12 अप्रैल को 3 बजे बजरंगबली की विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ पुजा आराधना और चालीस का पाठ कर हवन-यज्ञ किया जाएगा। 4 बजे मानस मंडली के द्वारा मानस गान होगा। प्रसाद के रूप में हलवा पूड़ी का प्रसाद वितरण किया जाएगा। महाराज गोलू शर्मा के अनुसार इस बार पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 12 अप्रैल को सुबह 3 बजकर 20 मिनट से होगी जो अगले दिन यानी 13 अप्रैल को सुबह 5 बजकर 52 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। उदयातिथि के आधार पर हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को हें। इस दिन चालीस और सुंदरकांड का पाठ करना बहुत ही लाभकारी साबित होता है। इन दिन हनुमान का प्रिय भोग उनके अर्पित करना चाहिए। उनको पान का बीड़ा, तुलसी के पत्ते, बेसन के लड्डू, बूंदी और सिंदूर चढाना बहुत ही शुभ होता है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समस्त ग्रामवासी एवं नवयुवक मंडल के समस्त सदस्यगण जुटे हुए हैं।

## चेस फॉर एवरीवन का शहडोल में हुआ आयोजन

**महासमुंद।** ऑल इंडिया रेटेड इंटरनेशनल शतरंज प्रतियोगिता चेस फॉर एवरीवन का आयोजन शहडोल में 2 से 6 अप्रैल को आयोजित किया गया। जिसमें पूरे भारत से 12 राज्यों के 257 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के शतरंज खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया टॉप-10 में मयंक सोनारे, भव्य बंछोर, अंडर-15 में अहिलान राय, सोमिल चंदानी, दीपांशु पटले ने खिताब अपने नाम किया। अंडर-9 में अनिका गुप्ता, अंडर-11 में साविका, सावी गोरी, अंडर-9 में तुषार यादव अंडर-7 में पारस यादव तथा महिला प्रतिभागी में सोनिया भगत ने अपना स्थान सुनिश्चित किया।

## 26 जरूरतमंदों के लिए स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने स्वेच्छानुदान मद से जिले के 26 जरूरतमंदों के लिए स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम बंसुला के रविलाल चौहान, प्रताप साव, ग्राम देवरी की मीरा साव, केंवटापाली के लोकनाथ साव, चोरभट्ठी के हेमचंद साव, बरोली के कमलेश साव, मेदनीपुर के योगेश साव, बिछिया के राजेश गढ़तिया, बोहारपार के चमरा स्वर्णकार, बानीपाली के बसंत पटेल, सिंघनपुर के गिरजाशंकर स्वर्णकार, दिलीप साव, भदरपाली के मोहन पटेल एवं गिधली के शोभित मांझी शामिल हैं। वहीं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम परसवानी के प्रमोद प्रधान, धरमपुर के कमल साहू, रिखादादर के लोकेश प्रधान, तिलंजनपुर की किरण पटेल, त्रिलोचन ध्रुव, भगतदेवरी के मुकेश प्रधान, ढाबाखार के किशोर कानूनगो, जामजुड़ा के टीकेशलाल साहू, शंकरपुर के संतोष मांझी, ब्रजेंद्र प्रधान, पिरदा के उत्तर पटेल एवं ग्राम बैतारी के बसंत साहू के लिए स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### प्रवचन : तुलसी नगर मजरकट्टा में श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

# धार्मिक आयोजन से सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचारः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

तुलसी नगर मजरकट्टा में तिवारी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस का शुभारंभ भव्य धार्मिक माहौल में हुआ। कथा वाचक पंडित रामकुमार शर्मा ने शुकदेव प्रसंग के साथ कथा आरंभ करते हुए हिरण्याक्ष वध की मार्मिक व प्रेरणादायक कथा श्रवण कराई। कथा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जिन्होंने आध्यात्मिक वातावरण का भरपूर लाभ उठाया। कथा स्थल को सुंदर रूप से सजाया गया था और पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल छाया रहा।

■ प्रथम दिवस पंडित रामकुमार ने शुकदेव कथा व हिरण्याक्ष वध का प्रसंग सुनाया

विशेष रूप से बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक जनक राम ध्रुव, अमित मिरी कृष्णा शर्मा इत्यादि ने कथा का रसा स्वादन किया। विधायक ने कहा कि ऐसी धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने तिवारी परिवार की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।कथा का आयोजन आगामी सात दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंगों की चर्चा की जाएगी। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।





## छांटा में कलशयात्रा के साथ रामायण कथा का शुभारंभ

**नवापारा-राजिम।** ग्राम छांटा में तीन दिवसीय रामायण का आयोजन 8 से 11 अप्रैल तक रखा गया है। मंगलवार को कलशयात्रा के साथ महिलाओं व कन्याओं द्वारा कलश यात्रा का भ्रमण कर शीतला माता में विधिविधान से पूजा कर रामायण स्थल में पहुंच कर कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ नागरिक मेहतर साहू, पूर्व सरपंच गुलाब साहू ,गोपाल साहू, सरपंच सविता एस कुमार साहू, पूर्व सरपंच भावेश दिवाकर, समिति के सदस्य मेहतरु साहू ,राजकुमार साहू, लाल साहू, डोमन साहू, रूपनारायण साहू, निरंजन साहू, गिरधारी साहू, शंकर साहू, बसु साहू, गोपाल साहू, दशरथ साहू, डीहु साहू, गोविंद साहू, डीगु साहू सभी सदस्यों सफल बनाने में जुटे हुए है।

## मासूम के साथ अनाचार कर हत्या के विरोध में कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री का फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक मासुम बच्ची के साथ हुए अनाचार और हत्या की घटना के विरोध में आज मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा नगर में जंगी रैली निकाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बस स्टैंड में मुख्यमंत्री का पुतला जलाया। पुतला दहन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच थोड़ी झुमाझटकी भी हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हमर मैनपुर चौक से जंगी रैली निकाल नेशनल हाइवे में नारेबाजी करते हुए बस स्टैंड पहुंचे और बस स्टैंड में राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतल दहन किया। इस दौरान पुतला को बुझाने के लिए पुलिस के जवान पानी लेकर दौड़े तो पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झुमाझटकी हुआ। जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय नेताम ने छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा की भाजपा के विष्णुदेव साय सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है जिसके चलते राज्य में अपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही है। उन्होने सरकार पर आरोप लगाते हुए आरोपियो को फांसी की मांग की। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय नेताम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेन्दु यादव,. युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नेताम, हरिश्चर पटेल, तनवीर राजपूत, नंदु पटेल, भोजलाल ध्रुव, भीलेश्वर ध्रुवा, राहुल निर्मलकर, विरेन्द्र राजपूत, दुलेन्द्र नेगी, रामभरोसा, पारेश्वर नेगी, राकेश ठाकुर, लिकेश, लोकेश सांडे, दयाराम यादव, पिलेश्वर सोरी, नजीब बेग, गजेन्द्र यादव, रेवान दीवान, धनसु दीवान, पुनित ध्रुव, गज्जु नेगी, गुंजेश कपिल, डोमार साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ पुतला दहन के दौरान पुलिस के साथ हुई झुमाझटकी

# भाजपा की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच रहा : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिला पंचायत गरियाबंद के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर मंगलवार को मैनपुर पहुंची। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष महेश कश्यप के नेतृत्व में उनका आत्मीयता से स्वागत किया गया। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर एक समाजिक कार्यक्रम में शामिल होने मैनपुर क्षेत्र पहुंची थी। इस दौरान लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में भाजपा कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के ग्रामीणों से उन्होने मुलाकात कर उनका हालचाल पूछा। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर ने कहा की प्रदेश के विष्णुदेव सरकार प्रदेश भर में सुशासन तिहार मना रही है। जन सरोकार का यह बड़ा उदाहरण है सरकार इसके माध्यम से जनता तक जायेगी और उनकी समस्याओं का समाधान करेगी। तीन चरणो में यह आयोजन किया गया है सुशासन तिहार से नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों की जमीनी हकीकत सामने आयेगा और ग्रामीणों को सरकार की योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलेगा। उन्होने कहा की जल्द ही अन्य ग्रामो के दौरे पर पहुंचेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, भाजपा मंडल महामंत्री दिलीप साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप, डाकेश्वर नेगी, मनोज निर्मलकर, बिसेसर सिक्का, सहित भाजपा क कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### भाजपा मंडल की बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई



**फिंगेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के निर्देशानुसार एवं जिला भाजपा गरियाबंद के निर्देश में 5 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी मंडल फिंगेश्वर की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें 6 से 14 अप्रैल तक के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाया गया। बैठक में प्रमुख रूप से रामू राम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल सोनकर, मंडल अध्यक्ष मंजू लता हरित, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, महामंत्री मिंजून साहू, किसान मोर्चा के महामंत्री भुवन साहू, पूर्व मंत्री किरनेश सोनी, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, पूर्व युवा मोर्चा के मंत्री प्रेमलाल टोडर, घनाराम यदुवंशी, दिलीप साहू,लाल साहू, राकेश सिन्हा, शब्बीर खान, अश्वनी विश्वकर्मा समिति अध्यक्ष निरा निषाद, श्रीमती शर्मा सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा मंडल ने मनाया स्थापना दिवस

**फिंगेश्वर।** बूथ क्रमांक 64 में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप मंडल अध्यक्ष मंजुलता हरित, वीणानिषाद, सरिता, नंदनी विश्वकर्मा, लक्ष्मी, जानकी विश्वकर्मा, सोहागा निषाद, उत्तरा, लता निषाद, पूर्णिमा यादव, पीलाबाई यादव सम्मिलित हुए।



# लादाबाहरा के ग्रामीण पेयजल के लिए तरसे, नल-जल योजना का बुरा हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत रूवाड के राजस्व ग्राम लादाबाहर में ग्रामीणों को पीने के लिए पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। यहां के निवासी हीरालाल सोरी, मंगलू ओटी, कमलसिंह, सोरी, कुमानसिह, भगवानसिंह, तुलसीराम, बोनोराम, सदानंद, करणो, नरसिंह, प्रेमसिंह ने बताया कि हमारे गांव में नल-जल योजना के तहत चल रहे कार्यों को 2023 से 2025 लग गया है फिर भी पानी टंकी का कार्य शुरू नहीं किया गया है। जल जीवन योजना के तहत हर गांवों में घर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने की योजना है। इसके तहत नलकूप खनन, पानी टंकी का निर्माण के साथ पाइप लाइन का विस्तारीकरण किया जाना है, एक साल पहले काम शुरू होने के बाद भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग घरों में पानी पहुंचाने में नाकाम रहा है। यहां नल-जल के चबूतरे का निर्माण किया गया है। ओ भी आधा अधूरा किया गया है। भीषण गर्मी में लोगों को निजी दूसरे के बोर से पीने के लिए पानी मांगकर चलाना पड़ रहा है। यहां पर चार हेडपंप है, दो हेडपंप खराब होने से या पानी के स्तर नीचे चले जाने से पानी निकलना बंद हो गया है। गांव सहित क्षेत्र में नल-जल योजना का बुरा हाल देखा जा रहा है। जबकि इस योजना को सफल बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है। परंतु विभागीय सुस्ती के चलते इस मिशन पर ग्रहण लग गया है। लोगों का कहना है कि जब पानी की जरूरत है तब नहीं मिला रहा तो हमारे लिए नल-जल योजना किस काम है। ग्रामीण अधिकारी, ठेकेदार के साथ साथ सरकार पर भी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। इसकी शिकायत सुशासन तिहार में देने का मन बना लिया है।



### मानिकचौरी स्कूल के कक्षा 9वीं व 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित



**नवापारा-राजिम।** मानिकचौरी में शासकीय उच्चतर माध्यध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम प्राचार्य एसआर सोनवर्षा व एसएल साहू द्वारा घोषित किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता डॉ. योगिता यदु, सारिका गुप्ता, हेमलता देवांगन, एलके नामदेव ,परमेश्वर उपस्थित थे। अलग-अलग क्लास में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले सभी बच्चों का गुलाल लगाकर सम्मान कर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के दौरान शाला विकास समिति के अध्यक्ष सरपंच हेमलता साहू, गोविंद तिवारी, रमेश साहू, पूर्व सरपंच बुद्धेश्वर साहू, किसान नेता चंद्रिका साहू मौजूद थे।

# जागरुकता शिविर में शिक्षक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकासखंड मैनपुर अंतर्गत आयुष ग्राम मैनपुर के अचानपुर में मंगलवार को जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन बागची के तत्वाधान में त्रैमासिक आयुष जन जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों के द्वारा सेमवैल हनिमेन एवं भगवान धन्वंतरि का पूजा अर्चना के पश्चात स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। इस बीच डॉक्टर सुमन बागची ने होम्योपैथी उपचार के संबंध में लोगों को जागरूक किया। साथ ही होम्योपैथिक के संबंध में लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में होम्योपैथी व स्वास्थ्य के संबंध में अत्यधिक प्रसार करने वाले शिक्षकों का मोमेंटो के साथ सम्मान किया गया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर सुमन बागची, डाक्टर प्रिया वर्मा, चित्रसेन पटेल प्रधान पाठक, सोनबरसन साहू प्रोफेसर, कमला देवांगन शिक्षिका, कमल बारिहा प्रधान पाठक बलराम ध्रुव, यमुना पटेल, सुहागा पांड़े के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण जन कार्यक्रम में उपस्थित थे।



### पेज 9 के शेष...

## लोगों ने शिकायत और...

पेज 9 के शेष...

प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है। विभिन्न ग्रामों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं और मांगों पर आधारित आवेदन कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित की समाधान पेटी में भी जमा किया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के पहल पर 'सुशासन तिहार -2025' का आयोजन 8 अप्रैल से 31 मई के बीच तीन चरणों में किया जाएगा। जिसके तहत इसके प्रथम चरण में 11 अप्रैल तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इस दौरान ग्राम पंचायत मुख्यालयों तथा नगरीय निकाय के कार्यालयों में सुबह 10 से शाम 05 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत से अवगत होने के उद्देश्य से राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार के माध्यम से आम जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से करने और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी ली जाएगी। आवेदन प्राप्त होने के बाद, संबंधित अधिकारियों द्वारा इन्हें एक माह के भीतर निराकृत किया जाएगा।

## कोटरी का शिकार...

को 04 अप्रैल 2025 को क्राइम सीन पर ले जाकर क्राइम सीन रीक्रिएट किया गया एवं निशानदेही पर अपराध में प्रयोग फंदा एवं कुल्हाड़ी जब्त की गई। वन अपराध में संलिप्त अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। उपरोक्तानुसार विभागीय कार्यवाही में केजूराम कोरचे, वनक्षेत्रपाल परिक्षेत्र अधिकारी तौरेंगा (बफर), गौरीशंकर भोई, उपवनक्षेत्रपाल सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गाजीमुड़ा, राकेश सिंह परिहार, उपवन क्षेत्रपाल, रिंकी जोशी वन रक्षक, तुकेश्वर यदु, वनरक्षक, श्री उदेराम यादव वनचौंकीदार एवं अन्य वन कर्मचारी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## सिकलसेल जांच...

डॉ. अंकिता अग्रवाल दंत चिकित्सक डॉ. मनोज खटकर मेडिकल ऑफिसर आरबीएसके, सौरभ विरमानी बीपीएम , योगेश पराना बीईटीओ, योगानंद चक्रधारी नेत्र सहायक अधिकारी पूनम ध्रुव, आरएचओ संतोष निषाद सुपरवाइजर एवं अन्य समस्त अधिकारी कर्मचारी, मितानीने विहान समूह, स्कूली शिक्षक ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

### सेंदर में मानसगान सम्मेलन 10 से 14 तक, ख्यातिलब्ध मंडलियों की होगी प्रस्तुति

**छुईहा बेलर।** सेंदर में रामायण ज्ञान समीति के संयोजन में ग्रामवासियों की तत्वावधान में 10 से 14 अप्रैल तक संगीतमय श्रीरामचरितमानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें ख्यातिलब्ध मानस मंडली की संगीतमय प्रस्तुति होगी। वहीं रामकथा का गुणगान व्याख्याकार से सुनने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार पूर्व सरपंच रामाधार साहू, प्रसिद्ध साहित्यकार लेखक मंच संचालक व उद्घोषक सुरेश शर्मा, अध्यक्ष डॉ. महेश कुंजाम, उपाध्यक्ष जनक साहू कोषाध्यक्ष योगेश देवांगन, डॉ. हेमलाल, सचिव तुलस वर्मा उमेश ध्रव, सरपंच सेंदर गामनि राकेश घृतलहरे, उपसरपंच तुलसी , परमानंद वर्मा जो विगत 15 दिनों से कार्यक्रम की सफलता के लिए व्यवस्था तैयारी में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम के संदर्भ में कहा कि 10 मार्च को संध्या वंदन की बेला में संत गुरु गोवर्धन शरण व्यास, भगत गुरु बाबा परेवा वाले गिरिराज के सानिध्य व करकमलों से शुभारंभ देव, नवग्रह दीप प्रज्ज्वलित, कलश एवं रामचरितमानस ग्रंथ की स्थापना के साथ लावण्य निधि बालिका मानस मंडली जमाही छुईहा घटारानी से किया जायेगा। जिसकी शुभारंभ से कार्यक्रम समापन तक जिसकी अखण्ड पठन किया जायेगा। वहीं समापन हवन शांति पाठ के साथ होगा। आगे कहा कि 10 से 13 मार्च तक 24 मानस मंडली संचस्थ होगें। वहीं 14 मार्च को फाग गीत का आयोजन है जिसमें 4 प्रसिद्ध मंडली की प्रस्तुति होगी। आयोजन में आयोजकों द्वारा दोनों पहर आम लोगों के लिए भोजन भंडारा की व्यवस्था है।



## खबर संक्षेप



### बिनौरी खल्लारी माता मंदिर में धूमधाम से मनी नवरात्रि

**छुईहा बेलर।** बिनौरी ग्राम में खल्लारी माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि में ग्रामवासियों के तत्वावधान में सार्वजनिक 46 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई। नवरात्रि में विधि विधान से पूजा एवं जस सेवा गीत भजन किर्तन किया गया। कार्यक्रम से जुड़े ग्रामवासी सीतल साहू ने कहा की खल्लारी माता बिनौरी में पहली बार 46 जोत की स्थापना की गई। अष्टमी हवन एवं नवमी को श्रद्धा पूर्वक विसर्जन शांति किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर खीर, पूरी प्रसादी वितरण किया गया।

### बच्ची के साथ दुराचार करने वाले आरोप को कठोरतम सजा दी जाए

**गरियाबंद।** दुर्ग में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ हुए दुराचार और निर्मम हत्या की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस हृदयविदारक घटना की कड़ी निंदा करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस



कमेटी के महामंत्री सकलैन कमदार ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। कमदार ने कहा कि आए दिन हो रही लूट, चाकूबाजी, हत्या और दुष्कर्म की घटनाएं आम हो चुकी हैं, जिससे जनता में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार आम जनता को सुरक्षा देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने मांग की कि गृह मंत्री विजय शर्मा को नैतिकता के आधार पर तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। प्रदेश की कानून व्यवस्था की यह दुर्दशा प्रशासनिक लापरवाही और सरकार की निष्क्रियता का परिणाम है। सकलैन कमदार ने सरकार से मांग की है कि दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए।

### आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर एक मृतक के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें सर्पदंश से मृत्यु होने पर कोमाखान तहसील अंतर्गत ग्राम खुर्सीपार की मृतका कुंती बाई साहू के पति दुकालूराम के लिए 04 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

---

**अनोखा प्रदर्शन : सचिव विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से अपनी मांग को पूरा कराने का कर रहे प्रयास**

# शासकीयकरण की मांग को लेकर नगाड़ा बजाकर सचिवों ने किया विरोध प्रर्दशन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा**

17 मार्च से शासकीय करण की एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर आज भी डटे रहे। विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से अपनी मांग को पूरा कराने का प्रयास कर रहे हैं।

हड़ताल स्थल पर सचिवों ने नगाड़ा बजाकर अपना विरोध प्रर्दशन किया। ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सोनकर ने बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार ने मोदी की गारंटी के नाम पर सचिव संगठन से छलावा किया है। साय सरकार गूंगी बहरी हो गई है इसलिए आज नगाड़ा बजाकर उसको जगाने का कार्य हम कर रहे हैं ताकि हमारी बात को सुने और हमारी मांग को जल्द से जल्द पूरा करें। आज के हड़ताल स्थल में संगठन के सचिव बोधन साहू, अध्यक्ष गजेंद्र साहू, प्रवक्ता पीला दाऊ पटेल, सरक्षक कृष्लाल सिन्हा सभी कार्यकारिणी सदस्य भगवानी ध्रुव, नागवंशी दीवान, युवराज साहू, रेवा साहू, संतोष यादव, खिलेश नेताम, तिरिथ नेताम, केशर साहू, रामगोपाल साहू, डेरहा कुर्रे, झंगलू साहू, भुवनेश मरकाम, भुनेश्वर ध्रुव, दामोदर सोरी, देवेंद्र ठाकुर, ऊषा साहू, उमा साहू, उमा दीवान, धनेश्वरी ध्रुव उपस्थित रहे।





**सरकार को जगाने सचिवों ने धरना स्थल पर बजाया नगाड़ा**

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर**

प्रदेश भर के पंचायत सचिव शासकीय कारण की मांग लेकर हड़ताल पर बैठे हुए हैं ऐसे में मंगलवार को सरकार तक अपनी बात पहुंचाने सचिवों ने अनोखे ढंग से धरना प्रदर्शन करते हुए धरना स्थल पर नगाड़ा और मंजीरा बजाकर प्रदर्शन किया। सचिवों ने बताया कि बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार के द्वारा मोदी की गारंटी के तहत शासकीयकरण किए जाने का वादा किया गया था। राज्य में भाजपा की सरकार बने अब डेढ़ साल हो रहा है। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं हुई इसलिए प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा की यह प्रदर्शन यहीं तक नहीं रुकेगा बल्कि हम दिल्ली के जंतर मंतर तक भी जाएंगे। तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत कार्यालय के सामने पंचायत सचिव संघ द्वारा 17 मार्च से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत सचिव संघ के मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम ध्रुव, सालिक पटेल, रामे"वर ध्रुव ने बताया कि सरकार कहती है कि मोदी की गारंटी के पूरा होने की गारंटी है लेकिन हमारे शासकीय कारण का वादा भी भाजपा सरकार ने मोदी की गारंटी में शामिल किया था लेकिन अब स्थिति यहां तक आ गई है कि कोई सरकार के लोग इस विषय पर बात तक नहीं कर रहे है। प्रदेश में भाजपा की सरकार है लेकिन अब तक हमारे मांग को गंभीरता से नहीं लिया गया जिस कारण हम अनोखे ढंग से प्रदर्शन कर रहे हैं। आज हमने नगाड़ा बजाकर प्रदर्शन किया है और अब रामायण पाठ भी किया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम ध्रुव, सालिक पटेल, त्रिवेंद्र नागेश, त्रिलोक नागेश, रामेश्वर ध्रुव, निर्मल देसमुख, छबिराम कंवर, संजय राजपूत, दशरू राम जगत, संजय नंदाल, नारिया राम दंता, मनोज साहू, अनीता नेताम, देवराम नागेश, जालधर राजपूत, जालंधर यादव, योगेंद्र यादव, परमेश्वर सेठी, चमपेश्वर वैष्णव, बसंत सिन्हा, ओमप्रकाश कोमर्रा, तुकाराम नायक, घन"याम नागेश, भोलाराम चक्रधारी, कुलदीप मरकाम, भुपेन्द्र नेताम, मनोज साहू, लक्ष्मीनाथ ध्रुव, सत्यरंजन, विनोद बिहारी, संतोश गुप्ता, परमेश्वर सेठ्ठी, कैलाश यादव, डोमेश्वरी महिलांगे, सलाम खान, कैलाश ठाकुर, उपेन्द्र नेताम व बड़ी संख्या में मैनपुर विकासखण्ड के सचिव उपस्थित थे।

---

# नवापारा नपा में संध्या बनीं कांग्रेस पार्षद दल की नेता

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेत्री नवापारा नगर पालिका के वार्ड नंबर 4 से भारी बहुमत से निर्वाचित पार्षद संध्या राव को कांग्रेस पार्षद दल का नेता चुन लिया गया है। संध्या के पार्षद दल के नेता चुने जाने पर पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, पूर्व सभापति रमेश तिवारी, चतुर जगत, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव,,आशीष दीवान ,निर्माण यादव,राजा चावला ,रामकुमार शर्मा ,राकेश सोनकर ,बल्लू साहू ,स्वर्णजीत कौर ,रेखा तिवारी,लोकिन साहू ,विजय तारक ,अतुल ठाकुर ,भागवत साहू , महेश साहू, मानसिंह ध्रुव सहित कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी। मालूम हो कि संध्या राव नवापारा नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष होंगी। पार्षद दल के नेता बनाए जाने पर संध्या राव ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज,विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष चरणदास महंत एवं पीसीसी के पूर्व चीफ पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के प्रति विशेष रूप से तथा सभी पार्षदो का आभार व्यक्त की है। पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने उन्हें बधाई दी तथा जनता के हितों और नगर विकास के लिए पालिका में सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी देने के लिए कहा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि संध्या राव एक अनुभवी पार्षद हैं और अपनी जिम्मेदारी वह बखूबी संभालेंगी। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के सभी नौ पार्षद रामरतन निषाद ,अजय साहू ,हेमंत साहनी,अर्जुन साहू ,फागु देवांगन ,टिकेश्वर गिलहरे, तरुण कंसारी ,दीपाली राजपूत मौजूद थे।



# धरती आबा ट्राप्यनर्स पायल का हुआ स्वागत





**हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा**

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा में 3 से 5 अप्रैल तक भारत मंडपम दिल्ली में आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाली 12वीं विज्ञान की छात्रा पायल को मंगलवार सुबह सभा में वरिष्ठ शिक्षक गौरव ने बुके देकर सम्मानित किया। ध्यातव्य है कि दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप सम्मेलन के रूप में प्रचारित स्टार्टअप महाकुंभ का दूसरा संस्करण 3 से 5 अप्रैल तक भारत मंडपम दिल्ली में आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य 3000 से ज्यादा स्टार्टअप 1000 निवेदक 1000 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ-साथ 50000 व्यापारिक आगन्तुकों को एक साथ लाना है। जनजातीय मंत्रालय के द्वारा 'जनजातीय गौरव दिवस' के तहत 'धरती आबा ट्राइबप्रेन्योर्स 2025' का उद्घाटन किया गया। यह कार्यक्रम आदिवासी उद्यमिता नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में बेहद महत्वपूर्ण रहा।

**प्रदेश के 12 स्कूलों से 29 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग-** इसी कार्यक्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा बारहवीं के 99 छात्र छात्राओं को भाग लेने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ जिसमें मुख्य रूप से छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखंड, गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक के बच्चे शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के 12 स्कूलों से कुल 29 छात्र-छात्राओं ने इस आयोजन में अपनी अपनी भागीदारी दर्ज करवाई। सभी बच्चे निवेशकों और उद्यमियों के साथ इंटरएक्टिव सत्रों में शामिल हुए। इसी कार्यक्रम में नेस्ट्स की नोडल अधिकारी डिप्टी कमिश्नर कुमुद कुशवाहा ने विभिन्न राज्यों के छात्र-छात्राओं एवं एस्कॉर्ट्स से बातचीत की तथा में 'धरती आबा ट्राइब प्रेन्योर्स 2025 में जाकर बच्चों को प्रोत्साहित किया तथा आगामी वर्षों में एक-एक बच्चे को अपने स्टार्टअप के साथ शामिल होने की प्रेरणा दी। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ स्टेट सोसाइटी की तरफ से सहायक नोडल अधिकारी के रूप में डॉ. कमलाकांत यादव प्राचार्य, महिला एस्कॉर्ट के रूप में श्वेता, पीजीटी संस्कृत, पुरुष एस्कॉर्ट के रूप में कादिर अली, पीजीटी इंग्लिश पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीड़ीह शामिल हुए थे।

---



### कौंदकेरा में भाजपा स्थापना दिवस मना

**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी कौंदकेरा में चारों बुथ अध्यक्ष के तत्वावधान में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य नंदनी साहू के प्रतिनिधि ओंकार साहू , सोमप्रकाश साहू, मनोज विश्वकर्मा, बुथ अध्यक्ष चंद्रहास साहू, मनहर साहू, बेदलाल साहू, परसराम साहू, मकसूदन साहू, बाबूलाल साहू, दूजलाल साहू, भरत साहू मौजूद थे।

## पार्टी के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करें: विधायक साहू

**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर विधायक इंद्र कुमार साहू ने विधायक कार्यालय में पार्टी का ध्वज फहराकर कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू,भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र बल्लू सोनी, नवापारा सोसायटी छन्नूलाल साहू, पटेवा सोसायटी अध्यक्ष दौवाराम साहू, पूर्व पालिका अध्यक्ष अनीता दुबे, पार्षद निर्मला-धीरज साहू, जीना बाई,जग्गू, लोमेश्वरी साहू, सहदेव कंसारी,भारत सोनकर,नम्मु ध्रुव,सचिन सचदेव,रमेश पहाड़िया,अशोक गंगवाल,अकरम रिजवी, प्रेमलाल साहू,मेघनाथ साहू, पूर्व पार्षद मयाराम साहू,प्रसन्न शर्मा,सौरभ चिंटू जैन,भाजपा नेत्री योगिता सिन्हा,प्रेम साधवानी,बल्लू यादव,चंद्रिका साहू,मुन्ना खान,अजीत चौधरी,मितुल देवांगन,जनक कंसारी, राजू रजक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। विधायक इंद्रकुमार साहू ने ध्वज फहराते हुए भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पं.श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पं.दीनदयाल उपाध्याय जिंदाबाद के नारे लगाए। कहा कि आज हम इस मुकाम पर हैं जो पार्टी की बदौलत से हैं। हम सभी को पार्टी के प्रति हमेशा निष्ठापूर्वक कार्य करना है,उन्होंने भाजपा के पितृ पुरुष पं.श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पं. दीनदयाल उपाध्याय,अटल बिहारी वाजपेई के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन महापुरुषों ने पार्टी को अपने खून पसीने से मेहनत कर तैयार किया है। 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। इस प्रकार आज 46 वां वर्ष गांठ मनाया जा रहा है। पार्टी का मुख्य उद्देश्य यही है की समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को पार्टी की नीति रीति के बारे में जानकारी देकर उन्हें पार्टी के मुख्य धारा से जोड़ते हुए समाज एवं देश का विकास में सहभागिता बनाएं।





### भैंसातरा में भाजपा मंडल ने मनाया स्थापना दिवस

**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल राजिम के अंतर्गत ग्राम भैंसातरा में स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें प्रभारी के रूप में भारत यादव, सहप्रभारी लोकेश सोनी, बूथ अध्यक्ष कामदेव साहू, हरख साहू, नगर पंचायत राजिम के सभापति मंशाराम कुर्रे, आकाश सिंह राजपूत, पार्षद उत्तम निषाद, महेश साहू, नेतराम साहू, लिखनराम, चेतन साहू, लालबहादुर कंवर, सालिक साहू, ईश्वर साहू, रेखराम साहू, बसंत साहू, रामसिंह कंवर ,महेश्वरी साहू, सुमन साहू, श्यामा यादव, त्रिवेणी साहू, बुधराम साहू, नंदकुमार साहू सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

---

### अछरीडीह में त्रिदिवसीय रामायण सम्मेलन

**बिरकोनी।** धर्म ग्राम अछरीडीह में 9 अप्रैल बुधवार को समस्त ग्रामवासियों द्वारा बाजार चौक में त्रिदिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें बाहर के मंडली अपना मानस प्रस्तुत कर रहे है। मंगलवार को शाम 4 बजे महिलाओं व बालिकाओं द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम स्थल पर स्थापित भगवान राम सत्यनारायण की पूजा अर्चना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंडली सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक मानस गान की प्रस्तुती दी जाएगी। प्रत्येक मानस मंडली को सातवां पुरस्कार व श्रीफल हनुमान चालीसा प्रदान किया जाएगा। अखंड रामायण समिति अछरीडीह के सभी श्रद्धालुओं को आयोजन में शामिल होने की अपील की है। उक्त जानकारी देवेन साहू ने दी।

**प्रदेश के शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. भट्टर सहित अनेकों डॉक्टरों ने दी सेवा**

# मेडिकल कैंप में 1 हजार प्लस मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम**

सदर रोड स्थित न्यू होप एकेडमी स्कूल में निःशुल्क मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन समाजसेवा एवं सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता के उद्देश्य से नगरवासियों द्वारा किया गया। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस मेगा कैंप में 1350 मरीज इलाज व परामर्श के लिए पहुंचे। जिसमें प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक भट्टर सहित उनके टीम के अन्य 12 विभिन्न शिशु रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी प्रेग्नेंसी एक्सपर्ट डॉ. नीरज पहलाजानी, चर्म रोग विशेषज्ञ प्राची भट्टर, डॉक्टर विनोद सिंग, नाड़ी वैद डॉक्टर पारस चोपड़ा ने सेवाएं दी। इस कैंप में स्त्री रोग, शिशु रोग, हृदय रोग, हड्डी रोग, चर्म रोग मधुमेह, लेप्रोस्कोपिक, न्यूरोलॉजिस्ट, कैंसर, वेद आयुर्वेद, से जुड़े चिकित्सक व विशेषज्ञ शामिल हुए और मरीजों का उचित ईलाज व परामर्श दिए। शिविर पश्चात सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. अशोक भट्टर व उनकी टीम अन्य हॉस्पिटल से पहुंचे डॉक्टरों व उनकी टीम, सहयोगी स्टॉफ, सम्मिलित हुए। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक भट्टर ने कहा कि दैनिक सेवा के अलावा हमें कभी समाज के लिये कुछ करने के लिए भी आगे आना चाहिए. ऐसे शिविर के माध्यम से हमारी बाल गोपाल हॉस्पिटल की टीम जरुरत मंदो के बीच पहुंचने का प्रयास करती हैं, ताकि किसी का भला हो सके। यहां आज अनेकों जरुरतमंद मरीजों की मदद कर ईलाज कर काफी सुखद अनुभव हुआ जो काफी कीमती हैं।




**सबसे बड़ा मजहब इंसानियत : सिद्दीकी**

नगर में पिछले 5 सालों से मुझे बुलाया जा रहा है आगे भी जब मुझे इस नगर मे सेवा के लिए याद किया जायेगा मै आऊंगा। डॉ. भट्टर बेहद ही सरल व अनुभवी चिकित्सक हैं। निश्चित रूप से आज उनके नेतृत्व में लगे इस मेगा शिविर का स्वरुप बढ़ गया। बता दें कि वे बहुत सहजता से अपनी उपस्थिति प्रदान कर 7 घंटे तक लगातार सेवाएं दी। न्यू होप अकेडमी के संचालक मोहम्मद अल्तमश सिद्दीकी ने आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाजसेवा बताते हुए कहा कि सबसे बड़ा मजहब इंसानियत है। अगर समाज में शिक्षा व स्वास्थ्य अच्छे से मिले तो हमारे देश की बहुत तरक्की होंगी। अच्छा स्वास्थ्य व सही शिक्षा से मनुष्य एक अच्छा इंसान बन सकता हैं। सभी चिकित्सकों, स्कूल स्टाफ, नगरवासी, गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों का हृदय से आभार जताया। इस निःशुल्क मेगा मेडिकल कैंप में अनेकों गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। जिनका सराहनीय योगदान रहा।

